अयोध्या समेत सात शहरों में नई टाउनशिप बसेगी

चर्चा में क्यों?

9 अक्तूबर, 2023 को राज्य सरकार द्वारा अयोध्या, मेरठ, आगरा, सहारनपुर, वाराणसी, मुरादाबाद और कानपुर के साथ आवास विकास परिषद वाले शहरों में टाउनशिप बसाने की अनुमति दी गई है।

प्रमुख बिंदु

- इसके लिये 'मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण शहर प्रोत्साहन योजना' की शुरुआत की गई है।
- इन सभी विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद को मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना में 1680 करोड़ रुपए दिये जाएंगे।
- विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद ज़मीन अधिग्रहण करने के बाद आवासीय योजना लाएंगे।
- योजना के तहत नई टाउनशिप के विकास से पूर्व विकसित टाउनशिप के विस्तारीकरण के लिये भूमि अधिग्रहण पर होने वाले खर्च का 50 प्रतिशत राज्य सरकार अधिकतम 20 साल के लिये देगी। शेष पैसा संबंधित विकास प्राधिकरण को स्वयं जुटाना होगा।
- आवास विकास परिषद को 400 करोड़, वाराणसी विकास प्राधिकरण को 400 करोड़, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को 200 करोड़, कानपुर विकास प्राधिकरण को 200 करोड़, मेरठ विकास प्राधिकरण को 200 करोड़, आगरा विकास प्राधिकरण को 150 करोड़, सहारनपुर विकास प्राधिकरण को 100 करोड़ तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण को 30 करोड़ आवंटित किये जाएंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-townships-to-be-established-in-seven-cities-including-ayodhya